Publication	Rajasthan Patrika
Date	23.02.2014
Edition	Chennai
Page No	05

सामाजिक उद्यमिता के लिए मदर टैरेसा अवार्ड

चेन्नई. सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लॉयला इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एडमिनेशट्रेशन (लिबा) द्वारा शुक्रवार को सामाजिक उद्यमिता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन तमिलनाडु एनर्जी डवलपमेंट एजेंसी (टेडा) के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक सुदीप जैन ने किया। सम्मेलन में कैंसर इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष पद्मभूषण डॉ. वी. शांता, मदर टैरेसा अवार्ड समिति के अध्यक्ष व पूर्व प्रमुख विजिलेंस कमिश्नर एन. विट्ठल और आईसीआईसीआई बैंक के नॉन-एक्जीक्यूटिव चेयरमैन नारायण वगुल ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर एसीसी लिमिटेड को मदर टैरेसा अवार्ड दिया गया। सामाजिक उद्यमिता में सहयोग के चलते इस अवार्ड के लिए विनिर्माण, बैंकिंग और भवन निर्माण क्षेत्र की पांच कंपनियों का चयन किया गया था।